श्री बंशीधर नगर सोमवार
13.07.2026
आषाढ़ कृष्णपक्ष चतुर्दशी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 317

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 05:10 बजे
अस्त - 06:48 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 33 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.



राज्य में कानून-व्यवस्था हुई कमजोर >> पेज 03
गायिका जैस्मिन सैंडलस ने सगाई का किया ऐलान >> पेज 05

## सुविचार

जीवित रहने वाली प्रजातियों में सबसे मजबूत या सबसे बुद्धिमान प्रजाति नहीं होती, बल्कि वह होती है जो परिवर्तन के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील होती है।

## न्यूज अपडेट्स

### एक स्ट्रीट डॉग ने आधा दर्जन बच्चों को काटा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र के नई मुहल्ला, नावाटोली और स्टेशन रोड गांधी मैदान के पास एक स्ट्रीट डॉग ने आधा दर्जन से अधिक बच्चों को काट कर जख्मी कर दिया। सभी बच्चों का इलाज मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में किया गया। सभी की स्थिति खतरे से बाहर है लेकिन बच्चों और उनके परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है। कोई बच्चा बाल कटाने जा रहा था तो कोई घूमने के इरादे से गांधी मैदान की ओर गया था। कुछ बच्चे घर के पास खेल रहे थे। इसी क्रम में अचानक एक कुते ने आगे पीछे से अटैक किया और बच्चों के हाथ सहित शरीर के अन्य हिस्सों को काटकर लहूलुहान कर दिया। जख्मी बच्चों की उम्र 5 से 7 वर्ष के आसपास है। उनकी पहचान हर्ष कुमार, खुशी कुमारी, आर्यन कुमार, अभिमन्यु कुमार, असद राजा, अभिषेक कुमार सहित अन्य के रूप में हुई है। सभी नावाटोली, नई मुहल्ला और आस पास के रहने वाले हैं। रविवार शाम पांच से छह बजे बीच नावाटोली, नई मुहल्ला और स्टेशन रोड के आसपास अचानक एक स्ट्रीट डॉग ने बच्चों पर हमला कर दिया। इस घटना से कुछ देर तक अफरा तफरी की स्थिति बन गई।

**आरएसएस** — बेलगावी में संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक संपन्न

# शाखा विस्तार, जनगणना व नशामुक्ति समेत कई मुद्दों पर हुआ मंथन

**बेलगावी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीन दिवसीय वार्षिक अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक रविवार को कर्नाटक के बेलगावी में संपन्न हो गई। बैठक में शाखा विस्तार, शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम, जनगणना, जनसांख्यिकीय असंतुलन, नशामुक्ति, सामाजिक जागरूकता तथा संगठनात्मक गतिविधियों सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।




बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित देश के विभिन्न प्रांतों से आए 226 कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान संगठन के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं की रूपरेखा भी तैयार की गई। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मार्च 2026 के बाद देशभर में आयोजित 83 संघ शिक्षा वर्गों और 12 कार्यकर्ता विकास वर्गों की समीक्षा की गई। इन प्रशिक्षण वर्गों में कुल 18,842 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान शाखा संचालन, संघ की कार्यपद्धति, ग्राम विकास, कुटुंब प्रबोधन, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

उन्होंने बताया कि सितंबर माह में अधिकतम शाखा विस्तार के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने का निर्णय लिया गया है। संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत अब तक आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए शेष कार्यक्रमों के सफल आयोजन की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही शताब्दी वर्ष के दौरान संपर्क में आए लोगों को सामाजिक गतिविधियों तथा 'पंच परिवर्तन' अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ने पर जोर दिया गया। वर्ष 2026-27 के लिए सरसंघचालक के प्रवास कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य के संदर्भ में जनगणना और जनसांख्यिकीय असंतुलन से जुड़ी चुनौतियों पर भी चर्चा की गई। साथ ही देश में बढ़ते मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए व्यापक जनजागरण और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया गया। संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार किया गया।

बैठक में अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दानपेटी की राशि की गणना के दौरान सामने आई अनियमितता की घटना पर भी चिंता व्यक्त की गई। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तीर्थक्षेत्र न्यास के अनुरोध पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) और पुलिस की जांच निर्णायक चरण में पहुंचने की बात कही गई। साथ ही उम्मीद जताई गई कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ट्रस्ट आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि रामभक्तों की आस्था अक्षुण्ण बनी रहे।

## न्यायालय की भव्यता नहीं, न्याय तक आसान पहुंच अधिक महत्वपूर्ण : मुख्य न्यायाधीश

**गुरुग्राम।** देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि न्यायालयों का वास्तविक महत्व उनकी भव्यता में नहीं, बल्कि इस बात में है कि वे नागरिक और न्याय के बीच की दूरी को कितना कम करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम का टॉवर ऑफ जस्टिस इसी सोच का प्रतीक है और इससे न्यायिक क्षमता बढ़ने के साथ लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी। रविवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने गुरुग्राम में टॉवर ऑफ जस्टिस का उद्घाटन किया तथा वर्चुअल माध्यम से नूंह जिले के तावडू और पुन्हाना में नए न्यायिक परिसरों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,



केंद्रीय शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा सहित कई न्यायाधीश एवं गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त न्यायिक परिसरों का निर्माण हरियाणा सरकार की संवेदनशीलता और न्यायिक अवसंरचना को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त न्यायालयों के निर्माण से अधिक मामलों की सुनवाई संभव होगी और विशेष रूप से वाणिज्यिक विवादों तथा परक्राम्य लिखत अधिनियम (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) से जुड़े मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता सदैव ऐसी न्याय व्यवस्था का निर्माण होनी चाहिए जो दक्ष भी हो और निष्पक्ष भी। न्याय में गति आवश्यक है, परन्तु वह कभी भी संवैधानिक मूल्यों की कीमत पर प्राप्त नहीं की जा सकती। इस परिसर में आधुनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तथा सुव्यवस्थित ज्यूडिशियल मालखाना जैसी सुविधाएँ भी विकसित की गई हैं। इस परियोजना की एक अन्य महत्त्वपूर्ण विशेषता प्रस्तावित इंटरनेशनल आर्बिटेशन सेंटर है जो उच्च न्यायालय के संरक्षण में संचालित होगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य ऐसी न्यायपालिका का निर्माण है जो आधुनिक हो, किन्तु मानवीय भी हो, तकनीकी रूप से उन्नत हो, किन्तु संविधान के मूल्यों में दृढ़ता से निहित भी और प्रत्येक वाद के पीछे छिपे मानवीय जीवन को समझने वाली संवेदनशील संस्था भी बनी रहे। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य मामलों का शीघ्र निस्तारण करना तो है ही उसके साथ, हमारा प्रयास यह भी होना चाहिए कि कोई भी नागरिक आर्थिक, सामाजिक अथवा प्रक्रियागत कठिनाइयों के कारण स्वयं को न्याय से वंचित न महसूस करे। उन्होंने कहा कि टावर ऑफ जस्टिस केवल एक भव्य इमारत न रहे, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए निष्पक्ष, प्रभावी और संवेदनशील न्याय का प्रतीक बनेगा। जस्टिस सूर्यकांत व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य गणमान्य ने टॉवर ऑफ जस्टिस निर्माण में अपना योगदान देने वाले श्रमिकों को स्मृति चिह्न भेंटकर उनका सम्मान किया। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि आज का अवसर मेरे लिए विशेष है। जनवरी 2017 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश रहते हुए मुझे इस न्यायिक परिसर का भूमि-पूजन करने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम कभी मुख्यतः कृषि के लिए जाना जाता था, वह आज उद्योग, नवाचार और निवेश का प्रमुख केंद्र बन चुका है। आज गुरुग्राम की अदालतों में 24,000 से अधिक सिविल डिस्प्यूट, लगभग 1,000 कमर्शियल डिस्प्यूट तथा नेगोशियबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के एक लाख से अधिक मामले लंबित हैं। ये आँकड़े न्याय व्यवस्था पर बढ़ते दायित्व का संकेत हैं। ऐसे समय में यह टॉवर ऑफ जस्टिस केवल एक आधुनिक भवन नहीं है, बल्कि न्याय तक पहुँच को और अधिक प्रभावी बनाने का माध्यम है।

**अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड में भारत ने सभी 5 स्वर्ण जीते**

# संयुक्त रूप से विश्व में पहला स्थान

**नई दिल्ली।** भारत ने 56वें अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड (आईपीएचओ) में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी पांच स्वर्ण पदक जीत लिए। कोलंबिया के बुकारामांगा में आयोजित प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने चीन, कजाकिस्तान, रूस, दक्षिण कोरिया और ताइवान के साथ संयुक्त रूप से विश्व में पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में 87 देशों के 381 छात्रों ने भाग लिया। स्वर्ण पदक विजेताओं में पुणे के कनिष्क जैन, इंदौर के ऋद्धेश अनंत बेंदाले, नई दिल्ली के ऋषित गर्ग, मुंबई के श्रेष्ठ




सुरैया और अहमदाबाद के स्वरित जोशी शामिल हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) के राष्ट्रीय केंद्र होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र (एचबीसीएसई) ने भारतीय टीम को प्रशिक्षित और चयनित किया। एचबीसीएसई देश में राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम का नोडल केंद्र है और विज्ञान एवं गणित के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें बहुस्तरीय चयन प्रक्रिया, ओरिएंटेशन शिविरों और विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करता है। परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव और परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार मोहंती ने इस उपलब्धि पर छात्रों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को बधाई देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड में पांच स्वर्ण पदक और संयुक्त रूप से विश्व में पहला स्थान हासिल करना पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि भारतीय छात्रों की प्रतिभा, समर्पण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ-साथ एचबीसीएसई-टीआईएफआर के ओलंपियाड कार्यक्रम की उत्कृष्ट तैयारी का प्रमाण है। विभाग ने भारतीय दल के टीम लीडर प्रो. अन्वेष मजूमदार (एचबीसीएसई-टीआईएफआर) और डॉ. लीना जोशी (सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई) के साथ वैज्ञानिक पर्यवेक्षक प्रो. आनंद दासगुप्ता (आईआईएसईआर, कोलकाता) और निशा केलकर (गोगटे-जोगलेकर कॉलेज, रत्नागिरी) तथा एचबीसीएसई के भौतिकी ओलंपियाड दल और मेंटर्स को भी इस सफलता के लिए बधाई दी।

## रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित अमझरिया घाटी में पाइप लदा ट्रक पलटा, चालक की मौत

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र स्थित रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के अमझरिया घाटी में रविवार को लोहे के पाइप से लदा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृत चालक की पहचान राम सेवक पाल, विश्रामपुर पलामू के रूप में हुई है। वहीं, गंभीर रूप से घायल उप चालक सूरज कुमार, निवासी सोनभद्र (उत्तर प्रदेश) शामिल है। जानकारी के अनुसार, ट्रक राउरकेला से उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के लिए लोहे के पाइप लेकर जा रहा था।



अमझरिया घाटी में एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे ट्रक सड़क पर पलट गया। हादसे के दौरान ट्रक में लदे भारी लोहे के पाइप आगे की ओर खिसक गए और चालक केबिन में दब गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही चंदवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव अभियान शुरू किया। चालक के शव को केबिन से बाहर निकालने के लिए क्रेन की सहायता ली गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# रांची में वोटर वेरिफिकेशन में 74 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म बंटे, 24 प्रतिशत का डिजिटाइजेशन



**रांची।** जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की रफ्तार लगातार बढ़ रही है । शनिवार शाम 4 बजे तक जिले के करीब 74 फीसदी मतदाताओं तक एन्यूमरेशन फॉर्म पहुंचा दिया गया, जबकि करीब 24 फीसदी फॉर्म का डिजिटाइजेशन भी पूरा हो चुका है। जिला प्रशासन ने रविवार को बताया कि जिले के 26.74 लाख मतदाताओं में से अब तक 19.77 लाख एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। वहीं 6.33 लाख फॉर्म ऑनलाइन डिजिटाइज किए जा चुके हैं। विधानसभा क्षेत्रों में सिल्ली में 96.22 फीसदी फॉर्म का वितरण हो चुका है और 34.13 फीसदी फॉर्म डिजिटाइज किए जा चुके हैं। वहीं तमाड़ में 94.40 फीस केपी फॉर्म बांटे गए हैं और 32.97 फीसदी का डिजिटाइजेशन हुआ है। मांडर में 88.56 फीसदी वितरण और 33.92 फीसदी डिजिटाइजेशन, जबकि खिजरी में 88.98 फीसदी वितरण और 29.21 फीसदी डिजिटाइजेशन का काम पूरा हुआ है। शहरी क्षेत्रों में काम की धीमी चल रही है, रांची विधानसभा में अब तक 49.25 फीसदी फॉर्म ही वितरित हो सके हैं और 10.77 फीसदी का डिजिटाइजेशन हुआ है। वहीं हटिया में 55.12 फीसदी वितरण और 16.80 फीसदी डिजिटाइजेशन और कांके में 71.87 फीसदी वितरण और 20.24 फीसदी डिजिटाइजेशन दर्ज किया गया है। डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजरों को अभियान में और तेजी लाने का निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि तय समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत फॉर्म का वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन ने सभी पात्र मतदाताओं से भी अपील की है कि वे अपना एन्यूमरेशन फॉर्म जल्द से जल्द भरकर बीएलओ के पास जमा करें, ताकि सत्यापन और डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।

## न्यूज अपडेट्स

### मिसिर गोंदा में पारंपरिक विधि-विधान से हुई आषाढ़ी पूजा

**रांची।** बिरसा विकास जन कल्याण समिति, मिसिर गोंदा (कांके रोड) के तत्वावधान में रविवार को आषाढ़ी पूजा पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर राज्य में सुख-समृद्धि, किसानों के लिए अच्छी वर्षा और बेहतर कृषि उत्पादन की कामना की। मौजा के पाहन बिरसा मुंडा और बुद्धिजीवी चिलगु उरांव के नेतृत्व में अखड़ा एवं देवी मड़ई में पूजा-अर्चना की गई। परंपरा के अनुसार बकरा और मुर्गे की बलि अर्पित कर अच्छी वर्षा, समृद्ध कृषि, सुख-शांति, रोगमुक्त जीवन तथा ग्रामवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर पाहन बिरसा मुंडा एवं चिलगु उरांव ने कहा कि आषाढ़ी पूजा आदिवासी समाज की सांस्कृतिक और कृषि परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। यह प्रकृति के प्रति आस्था, सामुदायिक एकता और कृषि आधारित जीवनशैली का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस पूजा के माध्यम से पर्याप्त वर्षा, अच्छी फसल और गांव की समृद्धि की कामना की जाती है। समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि आषाढ़ी पूजा की परंपरा सदियों पुरानी है और आज भी राज्यभर में आदिवासी समाज इसे पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ मनाता है। उन्होंने कहा कि यह पूजा अच्छी फसल, कृषि संरक्षण, समय पर वर्षा तथा फसलों को रोग और प्राकृतिक आपदाओं से बचाने की कामना के लिए आयोजित की जाती है।

**प्रदर्शन** | पारदर्शी परीक्षा प्रणाली की उठी मांग

# पेपर लीक के विरोध में छात्रों की गूंज मैराथन

**रांची।** देशभर में लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाओं और शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताओं के विरोध में रविवार को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से ₹छात्रों की गूंज₹ अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, युवाओं और आम नागरिकों ने भाग लेकर पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली की मांग को बुलंद किया।



मैराथन के दौरान प्रतिभागियों ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार, भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और युवाओं के अधिकारों से जुड़े नारों के साथ अपनी आवाज उठाई। पूरे आयोजन में युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा और कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित माहौल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि आज देश का युवा अपने भविष्य को लेकर गंभीर चिंता में है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार होने वाले पेपर लीक ने लाखों मेहनती छात्रों के सपनों को तोड़ा है। युवाओं के साथ हो रहे इस अन्याय के खिलाफ देशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है और छात्रों की गूंज उसी अभियान का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि छात्रों को न्याय दिलाने और भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित कराने की लड़ाई लगातार जारी रहेगी।

अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान चीब ने कहा कि देश का युवा केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि निष्पक्ष, पारदर्शी और ईमानदार परीक्षा प्रणाली भी चाहता है। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न होने दे। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने और अपने अधिकारों के लिए संगठित रहने का आह्वान किया।

अभियान के संयोजक कुमार राजा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक मैराथन दौड़ नहीं, बल्कि छात्रों के अधिकार, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के लिए शुरू किया गया जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि जब तक पेपर लीक जैसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक नहीं लगती और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती, तब तक छात्रों की आवाज इसी तरह बुलंद होती रहेगी।

अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव एवं झारखंड के सह प्रभारी भूपेंद्र मराबी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा ऊर्जा और प्रतिभा है। यदि भर्ती परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर लगातार सवाल उठते रहेंगे तो यह देश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से पेपर लीक पर प्रभावी नियंत्रण, दोषियों के खिलाफ त्वरित एवं कठोर कार्रवाई तथा परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार लागू करने की मांग की।

कार्यक्रम में सांसद सुखदेव भगत, राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, बिनय सिन्हा दीपू, सुमित शर्मा, जयवर्धन ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस नेताओं ने भाग लेकर छात्रों के आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

मैराथन के समापन पर प्रतिभागियों ने शिक्षा व्यवस्था को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने, भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

### भाजपा ने कौशल विकास मिशन में अनियमितता का लगाया आरोप, उच्चस्तरीय जांच की मांग

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सरकार की 'झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी' (जेएसडीएमएस) में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने दावा किया कि ब्लैकलिस्ट की गई कंपनियों को नियमों के विपरीत अस्थायी रूप से काली सूची से हटाकर करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया और बाद में उन्हें फिर से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अजय साह ने कुछ दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए दावा किया कि अगस्त 2024 में तत्कालीन मिशन निदेशक ने स्किल डेवलपमेंट से जुड़ी छह कंपनियों को फर्जी बैंक गारंटी देने का दोषी मानते हुए अगस्त 2026 तक के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया था। इसके बावजूद वर्तमान मिशन निदेशक शैलेंद्र लाल ने अक्टूबर 2024 में इन कंपनियों को ₹लोकहित₹ का हवाला देते हुए काली सूची से हटाकर भुगतान करने का आदेश जारी किया। भाजपा का दावा है कि इस दौरान विभाग की ओर से लगभग 55 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। अजय साह ने आरोप लगाया कि अगस्त 2025 में फर्जी बैंक गारंटी मामले में तत्कालीन अधिकारी विनय चौबे के जेल जाने के बाद इन्हीं कंपनियों को दोबारा ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। उनके अनुसार, लगभग दस महीने तक कंपनियों को काली सूची से बाहर रखकर भुगतान किया गया और बाद में उन्हें फिर से प्रतिबंधित कर दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अगस्त 2026 में ब्लैकलिस्ट की अवधि समाप्त होने के बाद इन्हीं कंपनियों को दोबारा भुगतान किए जाने की तैयारी की जा रही है। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी सवाल उठाया कि यदि फर्जी बैंक गारंटी मामले में एक विभाग के सचिव विनय चौबे के विरुद्ध कार्रवाई हो सकती है, तो श्रम विभाग के तत्कालीन और वर्तमान अधिकारियों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में 'विहंगम-2026' कला प्रदर्शनी का आयोजन



**रांची।** रांची स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में रविवार को कला प्रदर्शनी 'विहंगम-2026' का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने शिक्षा, अध्यात्म, साहित्य, संगीत, स्वास्थ्य तथा दैनिक जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर आधारित रचनात्मक और आकर्षक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और नवाचार ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को दशार्ते हुए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। पारंपरिक एवं लोकनृत्यों के माध्यम से विद्यार्थियों ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सुंदर प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने सराहा। विद्यालय की निदेशक सह प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष बल देती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार, कौशल और व्यावहारिक ज्ञान का विकास भी उतना ही आवश्यक है। प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान करती हैं। साथ ही उन्हें कौशल विकास, रचनात्मक सोच और भविष्य में रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं को समझने का अवसर भी मिलता है। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल, कलाकृतियां और रचनात्मक परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### भगवान राम के अस्तित्व पर प्रश्न उठाने वाली कांग्रेस को सवाल पूछने का नैतिक अधिकार नहीं : आदित्य



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित अनियमितता के मामले पर कांग्रेस की ओर से उठाए गए सवालों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कांग्रेस पर वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज राम मंदिर को लेकर चिंता जता रही है, जबकि अतीत में उसका रुख इससे बिल्कुल अलग रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान कांग्रेस ने न्यायालय में यह पक्ष रखा था कि भगवान राम एक काल्पनिक पात्र हैं और उनका कोई जन्मस्थान नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कारसेवकों पर हुई कार्रवाई का समर्थन किया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भी कांग्रेस ने रामलला के पक्ष में कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी। उनका दावा है कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भेजे गए निमंत्रण को भी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने स्वीकार नहीं किया। आदित्य साहू ने कहा कि राम मंदिर में चढ़ावे की राशि के प्रबंधन से जुड़े कथित अनियमितता के मामले की उत्तर प्रदेश सरकार तेजी से जांच करा रही है और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया जारी रहने के बावजूद कांग्रेस इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पर सनातन संस्कृति की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन के समय भी तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद पर कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का दबाव बनाया गया था, लेकिन उन्होंने अपने निर्णय पर कायम रहते हुए उद्घाटन समारोह में भाग लिया। आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर पर राजनीति करने के बजाय अपने संगठन और नीतियों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण और परिवारवाद की राजनीति कांग्रेस की कार्यशैली का हिस्सा रही है।

**पंडरा में स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा स्थायी बाजार**

# सांसद व मेयर ने किया जगह चिन्हित

**रांची।** राजधानी रांची के पंडरा क्षेत्र में सड़क किनारे दुकान लगाकर आजीविका चलाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स के लिए राहत की खबर है। लंबे समय से स्थायी बाजार की मांग कर रहे इन छोटे कारोबारियों को जल्द ही एक निश्चित स्थान मिल सकता है। इस दिशा में रविवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची की मेयर रोशनी खलखो ने पंडरा क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया और संभावित स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पंडरा थाना के सामने तथा पंडरा पुल के बाद दाहिनी ओर स्थित खाली



सरकारी जमीन का अवलोकन किया गया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ इस बात पर चर्चा हुई कि इस भूमि को विकसित कर स्ट्रीट वेंडर्स के लिए एक सुव्यवस्थित स्थायी बाजार बनाया जाए, जिससे वे बिना किसी बाधा के अपना व्यवसाय संचालित कर सकें। पंडरा के ओटीसी मैदान से लेकर फ्रेंड्स कॉलोनी तक प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स अपनी दुकानें लगाते हैं। स्थायी स्थान के अभाव में उन्हें आए दिन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, अस्थायी व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को रक्षा राज्य मंत्री एवं क्षेत्र के सांसद संजय सेठ पहले भी नगर परिषद की बैठक में प्रमुखता से उठा चुके हैं। प्रस्तावित योजना के तहत केवल बाजार ही नहीं, बल्कि दैनिक मजदूरों के लिए शेड और स्वच्छ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इससे मजदूरों और छोटे कारोबारियों को एक ही स्थान पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। जनप्रतिनिधियों का मानना है कि स्थायी बाजार बनने से स्ट्रीट वेंडर्स को सम्मानजनक कार्यस्थल मिलेगा, उनकी आजीविका अधिक सुरक्षित होगी और शहर की यातायात एवं बाजार व्यवस्था भी अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी। निरीक्षण के दौरान वार्ड-32 के पार्षद संजय कुमार, वार्ड-33 की पार्षद पुष्पा टोप्पो, वार्ड-34 के पार्षद अजीत कच्छप के अलावा अशोक मुंडा, सुबेश पांडेय, देवन होंडा, सुशील कुमार और मनोज चौधरी सहित अन्य स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब की नई टीम ने संभाली कमान, समाजसेवा के विस्तार का लिया संकल्प




बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज एवं लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज फेमिना की संयुक्त इंस्टॉलेशन सेरेमनी होटल शिवाय ब्लू में आयोजित हुई। समारोह में वर्ष 2026-27 के लिए दोनों क्लबों की नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इंस्टॉलिंग ऑफिसर लायन राहुल वर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई, जबकि कार्यक्रम का संचालन भावना मेहरोत्रा ने किया। लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज के अध्यक्ष रुपेश कुमार, सचिव प्रभात अग्रवाल और कोषाध्यक्ष कुलवंत सिंह नामधारी चुने गए। वहीं लायंस क्लब फेमिना की अध्यक्ष डॉली सिंह, सचिव रेखा शर्मा तथा कोषाध्यक्ष बिंदु तुलस्यान बनीं। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सेवा, समर्पण और संगठन की गरिमा बनाए रखते हुए समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शुभ्रा मजूमदार ने कहा कि लायंस क्लब सेवा और मानवता का वैश्विक प्रतीक है। उन्होंने नई टीम से पारदर्शिता, सक्रियता और टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। अध्यक्ष रुपेश कुमार ने कहा कि नए सेवा वर्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, नेत्र चिकित्सा और जरूरतमंदों की सहायता से जुड़े कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी। समारोह में कंचन साहू, सुजीत कुमार, संजय कुमार सहित दोनों क्लबों के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### तीन सितंबर को पलामू आएंगे संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज

**मेदिनीनगर :** विहंगम योग संस्थान की पलामू जिलास्तरीय बैठक गोविंद भवन में हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी तीन सितंबर को संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज का पलामू आगमन प्रस्तावित है। उनके स्वागत एवं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैजनाथ सिंह सेवा आश्रम परिसर में एक दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी श्रद्धालुओं एवं सेवा प्रभारियों से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। विहंगम योग संस्थान के झारखंड प्रदेश महामंत्री ललित कुमार सिंह व अन्न सेवा मंत्री उपेंद्र मिश्र ने कहा कि सद्गुरु की असीम कृपा से सेवा का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जीवन का समय व्यर्थ गंवाने के बजाय उसे सद्गुरु की सेवा एवं ब्रह्मविद्या के प्रचार-प्रसार में लगाना चाहिए। बैठक में नंदलाल पासवान, जिला संयोजक राम गोविंद यादव, ओंकारनाथ पाठक, रविंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, दुलारचंद पाल, विशुन देव मेहता, राणा लक्ष्मण सिंह, जनेश्वर सिंह, योगमाया तिवारी, दशरथ पासवान, संजीव शर्मा, सूर्यदेव प्रसाद, विनय सिंह, विजय पाल, सच्चिदानंद पांडेय, भूपेंद्र सिंह सहित कई सेवा प्रभारी एवं श्रद्धालु उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला संयोजक भानु प्रताप देव ने की।

**सियासत** पूर्व मंत्री भानू ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना, कहा

# राज्य में कानून-व्यवस्था हुई कमजोर





### भाजपा ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष व जिला कमेटी के पदाधिकारियों को किया सम्मानित

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** भाजपा की ओर से रविवार को यहां स्टेशन रोड स्थित सिद्धि होटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पूर्व मंत्री व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों एवं जिला कमेटी के पदाधिकारियों को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उस मौके पर पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही ने कहा की किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने एवं जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। श्री शाही ने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील करते हुये कहा कि अभी से ही 2029 की तैयारी शुरू करनी है और हेमंत सरकार को सत्ता से हटाकर झारखंड में भाजपा की सरकार बनानी है। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि हेमंत सोरेन सरकार पलामू प्रमंडल के लोगों के साथ छल कर रही है। क्षेत्र की पहचान रही पलामूआ भाषा की उपेक्षा की जा रही है। जबकि पलामू क्षेत्र से चार-चार विधायक हैं, उसके बावजूद इस मुद्दे पर कोई प्रभावी आवाज नहीं उठाई जा रही है। श्री शाही ने राज्य में बढ़ते अपराधों का भी मुद्दा उठाते हुये कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था कमजोर हुई है। साथ ही पश्चिम बंगाल की राजनीतिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि जनता अन्याय का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देती है और झारखंड की जनता भी सब कुछ देख रही है। समारोह में जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, जिला प्रभारी पंकज कुमार सिंह, पूर्व सांसद घूरन राम, अजामो के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, जिला मंत्री जोखू सिंह, शैलेश चौबे, राजेश जायसवाल, कुमार कनिष्क, विकास पांडेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।संचालन जिला महामंत्री मुकेश कुमार चौबे ने किया। कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों का एकजुट होकर सामना करने के संकल्प के साथ हुआ।

### सर्पदंश से बुजुर्ग की मौत के बाद गांव में शोक की लहर




**रमना :** प्रखंड के सरांग गांव निवासी मुद्रिका बैठा उर्फ लेदू बैठा (65) के असामयिक निधन पर ग्राम उत्थान समिति सरांग की ओर से समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह के आवास पर शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा में काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात मुद्रिका बैठा अपने घर में थे। इसी दौरान उन्हें एक विषैले सर्प ने डंस लिया। परिजनों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शोकसभा में ग्राम उत्थान समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, रघु सिंह, शंकर सिंह, दिनेश सिंह, बलराम साह, रामदत गुप्ता, यदु साह, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, मदन सिंह, बबलू पासवान, रामबिहारी रजवार, द्वारिका रजवार, रामलाल साह, मटुकी साह, परमानंद सिंह, धर्मदेव उरांव, विजय यादव, प्रदीप राम, मुखलाल पासवान, मुंशी सिंह, माधुरी देवी, कुमारी देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी



**भवनाथपुर :** प्रखंड की मकरी पंचायत अंतर्गत पथलकुदवा टोला में पिछले करीब 15 दिनों से जले हुये 25 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर के कारण अंधेरे में जीवन बिता रहे ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिल गई। नये ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। उदघाटन मुखिया ने फीता काटकर किया। बिजली आने के साथ ही गांव में खुशी का माहौल देखा गया और लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार लगभग 15 दिन पूर्व ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पूरे टोले की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। भीषण गर्मी के बीच बिजली नहीं रहने से लोगों को पेयजल संकट, बच्चों की पढ़ाई, मोबाइल चार्जिंग और घरेलू कार्यों सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। उस मौके पर मुखिया सरिता देवी, वार्ड सदस्या समीला बीबी, समाजसेवी धनंजय कुमार, बिजली विभाग के मिस्त्री उमेश प्रजापति, असर्फी बैठा, अमोद बैठा, कंचन देवी, सुखमनियां देवी, रामलखन राम, प्रमोद राम, वार्ड सदस्य लुकमन राम, रामदास राम सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार धर दुबे का निधन, शिक्षा जगत में शोक की लहर



**रेहला :** संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार धर दुबे का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही शिक्षा जगत, विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। अरुण कुमार धर दुबे ने संत तुलसीदास इंटर कॉलेज में व्याख्याता के रूप में अपनी सेवाएं शुरू की थीं। अपनी कार्यकुशलता, शैक्षणिक प्रतिबद्धता और प्रशासनिक क्षमता के बल पर वे प्राचार्य पद तक पहुंचे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को हमेशा प्राथमिकता दी, जिससे उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। वे अपने सरल, सौम्य और मिलनसार व्यक्तित्व के साथ शिक्षा के प्रति समर्पण के लिये सदैव याद किये जाएंगे। उनके निधन को क्षेत्र के शिक्षा जगत के लिये अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनके निधन पर शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। अरुण कुमार धर दुबे मूल रूप से गढ़वा जिले के लोटो गांव के निवासी थे।

## राजमणि पाठक हत्याकांड में पुलिस अनुसंधान पर उठे सवाल

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली मारने की पुष्टि

बंशीधर न्यूज


**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के करमा गांव में 29 अप्रैल को हुई राजमणि पाठक की हत्या मामले में पुलिस की जांच पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस अनुसंधान में यह बात सामने आई थी कि राजमणि पाठक की टांगी से वार कर हत्या की गई, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गोली मारने की पुष्टि हुई है। परिजनों के अनुसार



राजमणि पाठक की गोली मारकर हत्या की गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए 9 मई को राजमणि पाठक की हत्या के आरोप में वीरेंद्र सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था और उसे जेल भेज दिया था। पुलिस ने मीडिया को बताया था कि राजमणि पाठक की टांगी से वार कर हत्या की गई है। जमीन के विवाद में हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार राजमणि पाठक के सिर में गोली लगी है। सिर में गोली के जख्म और बारूद के अंश मिले हैं। राजमणि पाठक हत्याकांड में उनकी पत्नी पूनम देवी ने एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें चंद्रपुर गांव के संजय सिंह और अंदुल सिंह नामक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया था।घर से बाहर बुलाकर हत्या की गई थी। मृतक के बेटे भावेश पाठक ने रविवार को बताया कि पुलिस अनुसंधान में कुल्हाड़ी से मारकर हत्या करने की बात बताई गई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली लगने से मौत की बात बताई गई है। पुलिस की जांच रिपोर्ट में विरोधाभास है। सही और ठोस जांच की मांग कर रहे हैं, ताकि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। पिपराटांड़ के थाना प्रभारी नीलेश कुमार ने कहा कि अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई थी और उसने अपने स्वीकारोक्ति बयान में टांगी से हत्याकांड को अंजाम देने की बात बताई थी। उसकी निशानदेही पर टांगी को भी बरामद किया गया था।

वहीं मामले को लेकर राजमणि पाठक के परिजन सीएम हेमंत सोरेन से भी मुलाकात करेंगे। परिजनों ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भी मुलाकात कर मामले में जांच कराने का आग्रह किया है।

# पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सपरिवार श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा अर्चना



## बंशीधर जी से की झारखंड में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** झारखंड के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को सपरिवार श्री बंशीधर मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा अर्चना के दौरान उन्होंने श्रीराधाबंशीधर जी से झारखंड प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। साथ ही भगवान से सभी पर अपनी कृपा बनाये रखने की प्रार्थना की।

पूजा अर्चना के दौरान श्री बंशीधर सूर्यमन्दिर मंदिर ट्रस्ट के सलाहकार एवं वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र कुमार चौबे ने पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं उनके परिवार के लोगों को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी ने पूर्व मंत्री को श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। पूर्व मंत्री के श्री बंशीधर नगर का दौरा श्रद्धा, आस्था और सौहार्द से परिपूर्ण रहा। उस मौके पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय, झामुमो नेत्री किरण देवी, निर्मल पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**न्यूज अपडेट्स**

### बीएलओ सुमित्रा कुमारी ने बनाया मिसाल, 542 मतदाताओं का शत-प्रतिशत सत्यापन पूरा

**मेदिनीनगर :** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा जिले के मझिआंव प्रखंड स्थित मतदान केंद्र संख्या-139 की बीएलओ सुमित्रा कुमारी ने एसआईआर-2026 के तहत सभी 542 मतदाताओं का गणना प्रपत्र भरवाने और उसका डिजिटलीकरण कर शत-प्रतिशत कार्य पूरा किया है। पुनरीक्षण के दौरान दो मतदाता अनुपस्थित, 24 स्थानांतरित, 10 मृत तथा दो डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान भी की गई। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सुमित्रा कुमारी को बधाई देते हुए कहा कि उनकी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम के समन्वित प्रयास का परिणाम है। अपर समाहर्ता सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि विश्रामपुर विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है और सभी बीएलओ इसी समर्पण से कार्य करें तो यह राज्य का पहला शत-प्रतिशत एसआईआर पूरा करने वाला विधानसभा क्षेत्र बन सकता है।

### चतुर्थ वर्गीय नियुक्ति के लिए आंदोलन तेज करने का निर्णय

**मेदिनीनगर :** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक जिला कार्यालय में अध्यक्ष उदय राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद 36 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया, लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई। इससे बेरोजगारों में नाराजगी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराने की मांग को लेकर 17 जुलाई को एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के वित्त मंत्री से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा।

**कार्रवाई** रिश्वत मांगना पड़ा महंगा

# वायरल वीडियो के बाद निर्वाचन कार्य से हटायी गयी बीएलओ

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं से पैसे मांगने के आरोप में भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-81 के मतदान केंद्र संख्या-406 की बीएलओ कुसुम देवी पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। वायरल वीडियो की जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाये जाने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निर्वाचन कार्यों से हटा दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी पशुपतिनाथ मिश्रा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन के अनुसार भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-406 की बीएलओ कुसुम देवी पर प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाईजेशन के नाम पर पैसे मांगने का आरोप लगाते हुये एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले को गंभीरता से लेते हुये सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-बीडीओ धुरकी से इसकी जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाये गये तथा बीएलओ द्वारा एसआईआर-2026 से संबंधित कार्यों के लिये पैसे मांगने की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट के आधार पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-एसडीओ ने भवनाथपुर से संबंधित बीएलओ को निर्वाचन कार्यों से मुक्त किये जाने की अनुशंसा की। इसके बाद जिला प्रशासन ने कुसुम देवी, जो आंगनबाड़ी केंद्र-झलका, प्रखंड धुरकी में सेविका हैं, को निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों से हटाने का आदेश जारी कर दिया। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर-2026 के दौरान यदि किसी भी अधिकारी, कर्मचारी, बीएलओ अथवा अन्य कर्मी द्वारा पैसे मांगने, अवैध वसूली करने या किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलती है तो उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक एवं विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि यदि एसआईआर-2026 के दौरान कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की राशि की मांग करता है अथवा अनियमितता करता है, तो इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें, ताकि त्वरित जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## माधुरी देवी की अनूठी पहल : 121 लोगों के बीच बांटे आम के पौधे

बंशीधर न्यूज



**विशुनपुरा :** सरांग ग्राम में ग्राम उत्थान समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह व उनकी पत्नी माधुरी देवी ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक अनूठी पहल की है। दंपति ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सरांग में 121 आम के पौधों का वितरण किया है। उन्होंने अपने निजी खर्च से दशहरी, आम्रपाली, लंगड़ा आदि विभिन्न किस्मों के आम के पौधे वितरित किये। कहा कि सरांग पंचायत के सभी घरों में पौधा पहुंचाना उनका उद्देश्य है। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिये इस पहल की सराहना की। लोगों ने पर्यावरण और पौधों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और सभी से अनुरोध किया कि वे पौधों को लगाकर उनकी उचित देखभाल करें। इस पहल से सरांग पंचायत में हरियाली बढ़ेगी और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। यह कार्यक्रम अन्य पंचायतों के लिये भी एक उदाहरण है और उन्हें भी इस तरह के पहल के लिये प्रेरित करेगा। मौके पर प्रदीप सिंह, बलराम साह, शंकर सिंह, महेन्द्र प्रसाद गुप्ता, धर्मदेव उरांव, बबलू पासवान, प्रदीप राम, रघु सिंह, दिनेश सिंह, मदन सिंह, राजदेव सिंह, मुंशी सिंह, यदू साह, रामदत गुप्ता, मटुकी साह, रामबिहारी रजवार, मुखलाल पासवान, विजय यादव, सुरेंद्र सिंह, परमानंद सिंह, कुमारी देवी, ललिता देवी, सीमा देवी, पाना देवी, यशवंती देवी आदि मौजूद थे।

### पेंशन अधिकार के लिए हाईकोर्ट जाएंगे सहायक अध्यापक, बनाई संघर्ष की रणनीति



**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर कचहरी परिसर में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त सहायक अध्यापकों की बैठक जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशन अधिकार को लेकर आगे की रणनीति तय की गई। प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि वर्षों तक सेवा देने के बावजूद सहायक अध्यापकों को पेंशन से वंचित रखा गया है। उन्होंने सभी प्रभावित शिक्षकों से अपने अधिकार के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का आह्वान किया। उनका कहना था कि उच्चतम न्यायालय का निर्णय कर्मचारियों के पक्ष में है और इसका लाभ सभी पात्र सहायक अध्यापकों को मिलना चाहिए। बैठक में अर्जुन मिश्रा को कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार विश्वकर्मा, सुनील कुमार एवं गायत्री देवी को समिति का सदस्य तथा जनेश्वर सिंह को पलामू प्रमंडल का संयोजक बनाया गया। निर्णय लिया गया कि अगले सप्ताह प्रतिनिधिमंडल रांची जाकर अधिवक्ता से मुलाकात करेगा। बैठक में राजेंद्र दीक्षित, अब्दुल सद्दाम अंसारी, महावीर राम सहित बड़ी संख्या में सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

### 120 महिला किसानों के बीच 500 किलो अरहर बीज वितरित



**मेराल :** प्रखंड की चेचरिया पंचायत अंतर्गत चेचरिया गांव में कृषि विभाग एवं जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वावधान में एनएमएनएफ क्लस्टर के अंतर्गत शुक्रवार को 120 महिला किसान दीदीयों के बीच 500 किलोग्राम अरहर बीज शत-प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दलहन उत्पादन को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस मेराल गिरिजेश कुमार शर्मा, जिला से आये प्रदान संस्थान के प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार, प्रभात एवं मेराल एफपीओ के सीईओ अभिषेक ने संयुक्त रूप से महिला किसान दीदीयों के बीच अरहर बीज वितरित कर किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि दलहन फसलों के उत्पादन में वृद्धि से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। साथ ही महिलाओं की कृषि में सक्रिय भागीदारी से आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में एफटीसी राजदेव बाड़ा, सीसी मनोज कुमार चौरसिया एवं ओमप्रकाश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिला दीदीयों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर योजना की सराहना की।

### पीडीएस के निलंबित दुकानदार का निधन



**मझिआंव :** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या सात स्थित रैसुआ गांव निवासी एवं जनवितरण प्रणाली के निलंबित दुकानदार शिवशंकर राम (56) का हृदय संबंधी बीमारी के कारण निधन हो गया। घर लौटते समय रास्ते में उन्होंने अंतिम सांस ली। रविवार को मझिआंव स्थित कोयल नदी श्मशान घाट पर पूरे शोकपूर्ण माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े पुत्र रंजन कुमार ने मुखाग्नि दी। मृतक के बड़े पुत्र रंजन कुमार ने बताया कि उनके पिता पिछले लगभग एक वर्ष से हृदय रोग से पीड़ित थे और उनका लगातार इलाज चल रहा था। बेहतर चिकित्सा के लिये दो जुलाई को उन्हें मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुये उन्हें घर ले जाने की सलाह दी। परिजन उन्हें लेकर घर लौट रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। शिवशंकर राम का पार्थिव शरीर जैसे ही रैसुआ गांव पहुंचा, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। शोक व्यक्त करने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पिंटू विश्वकर्मा, समाजसेवी लक्ष्मण सिंह, संयम सिंह, जनवितरण प्रणाली की दुकानदार उर्मिला देवी, बीएलओ रुक्मिणी देवी सहित अन्य शामिल थे।

# 300 किसानों के बीच अरहर के उन्नत बीज का वितरण

बंशीधर न्यूज



**केतार :** किसानों की आय बढ़ाने और दलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग की ओर से प्रखंड परिसर में विशेष बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रखंड की पचाडूमर एवं लोहरगाढ़ा पंचायत के कुल 300 किसानों के बीच उन्नत किस्म के अरहर बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। बीज मिलने से किसानों में खुशी का माहौल देखा गया। कार्यक्रम में बीटीएम राकेश कुमार ने किसानों के बीच बीजों का वितरण कराया तथा उन्हें अरहर की वैज्ञानिक खेती की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना और क्षेत्र में दलहन उत्पादन को मजबूत बनाना है।

उन्होंने बताया कि अरहर एक महत्वपूर्ण दलहनी फसल है, जिसकी बाजार में अच्छी मांग रहती है। इसकी खेती से किसानों को बेहतर आमदनी के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति बनाये रखने में भी मदद मिलती है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये लगातार योजनाएं चला रही है। समय पर उन्नत बीज उपलब्ध होने से किसान खरीफ मौसम में समय से बुआई कर सकेंगे, जिससे उत्पादन बढ़ेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।



## पंजाबी गायिका जैस्मिन सैंडलस ने लाइव कॉन्सर्ट में सगाई का किया ऐलान

**गुरुग्राम।** भारतीय-अमेरिकी पंजाबी गायिका जैस्मिन सैंडलस ने अपने द ड्रीम गर्ल इंडिया टूर के दौरान लाइव कॉन्सर्ट में सगाई का ऐलान कर प्रशंसकों को चौंका दिया। उन्होंने मंच से अपने मंगेतर शेखर चौधरी को बुलाया और उन्हें अपनी सगाई की अंगूठी दिखाते हुए सार्वजनिक रूप से रिश्ते की पुष्टि की। कॉन्सर्ट के दौरान जैस्मिन ने कहा, ये हैं मेरे चौधरी साहब। इन्होंने ही मुझे इस उंगली में रिंग पहनाई है। इसके बाद शेखर चौधरी मंच पर पहुंचे, जहां दोनों का दर्शकों ने तालियों और सीटियों के साथ स्वागत किया। जैस्मिन ने अपनी सगाई की अंगूठी दिखाई और शेखर को गले लगाया। इसके बाद दोनों ने जैस्मिन के लोकप्रिय गीत लावां पर रोमांटिक अंदाज में प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जैस्मिन गोल्डन रंग के भारी कढ़ाईदार लहंगे और पारंपरिक आभूषणों में नजर आईं। कॉन्सर्ट में उन्होंने पंजेबा, सिप सिप, शरारत, धुरंधर, इल्लीगल वेपन और यार ना मिले सहित अपने कई लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। द ड्रीम गर्ल इंडिया टूर के तहत उनके आगामी कार्यक्रम मुंबई, बेंगलुरु और चंडीगढ़ में भी आयोजित होंगे। सगाई के ऐलान के बाद प्रशंसकों के बीच शेखर चौधरी को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। हालांकि, उनके पेशे और पृष्ठभूमि के संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। उल्लेखनीय है कि जैस्मिन सैंडलस पहले पंजाबी गायक गैरी संधू के साथ अपने रिश्ते को लेकर भी चर्चा में रह चुकी हैं। जालंधर में जन्मीं और अमेरिका के कैलिफोर्निया में पली-बढ़ीं जैस्मिन ने मुस्कान से अपने संगीत करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने फिल्म किक के गीत यार ना मिले से बॉलीवुड पार्श्व गायन में पहचान बनाई और उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का पुरस्कार भी मिल चुका है।

## 'धमाल 4' के सामने टिक नहीं पाई 'अल्फा'



अजय देवगन अभिनीत कॉमेडी फिल्म 'धमाल 4' ने रिलीज के पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर दमदार शुरूआत की है। सैकनिल्क के शुरूआती आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 13.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है, लेकिन ओपनिंग डे कलेक्शन के मामले में इसने मजबूत प्रदर्शन करते हुए बॉक्स ऑफिस पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी 'धमाल 4' में अजय देवगन के साथ रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी, संजय मिश्रा, रवि किशन, अंजलि आनंद, ईशा गुप्ता और संजीदा शेख प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पारिवारिक मनोरंजन और कॉमेडी से भरपूर इस फिल्म को पहले दिन दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला, जिससे इसके शुरूआती कारोबार को मजबूती मिली। वहीं, आलिया भट्ट और शरवरी वाघ अभिनीत वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'अल्फा' पर 'धमाल 4' की रिलीज का असर साफ दिखाई दिया। पहले सप्ताह में 47.45 करोड़ रुपये का कारोबार करने वाली 'अल्फा' ने दूसरे शुक्रवार यानी आठवें दिन महज 1.65 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ फिल्म का कुल घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 49.10 करोड़ रुपये पहुंच गया है। अब दोनों फिल्मों की नजर सप्ताहांत की कमाई पर टिकी है, जहां बॉक्स ऑफिस की असली तस्वीर सामने आएगी।

## बांग्लादेश में खसरे का कहर जारी, पांच और बच्चों की मौत; मृतकों की संख्या 758 पहुंची



# अपने सगा का भी गलत बर्दाश्त नहीं करूंगा : ठाकुर



### धार्मिक उन्माद फैलाकर लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करते हैं विधायक

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** झारखंड के पूर्व मंत्री व झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी सिर्फ लोगों की भावना से खिलवाड़ करते हैं। यह व्यक्ति महाशातिर है। सिर्फ जातिय एवं धार्मिक उन्माद फैलाकर अपनी राजनीतिक रोटी सेकता है। उनकी मानसिकता एवं राजनीति दोनों घटिया है। विधायक दो व्यक्तियों की लड़ाई को धार्मिक एवं जातिय रंग दे रहे हैं यह बहुत ही घटिया मानसिकता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई मेरा अपना खून, अपना सगा भी गलत करेगा तो मैं उसे बर्दाश्त नहीं करूंगा। श्री ठाकुर रविवार को गढ़वा स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। श्री ठाकुर ने कहा कि जिस झगड़ा को विधायक धार्मिक रंग दे रहे हैं मैने उसकी पूरी जानकारी ली। यह सिर्फ दो नवयुवकों का झगड़ा था। यह कोई धार्मिक या जातिय झगड़ा नहीं था। उन्होंने दोनों पक्षों को बुलाकर पूछा। दोनों ने बताया कि पूर्वजों से ही दोनों के बीच आपसी घरेलू संबंध काफी बेहतर है। यह आपसी लड़ाई है समाज की लड़ाई नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह पूछना चाहिये कि सत्येंद्र तिवारी नामक एक व्यक्ति की हत्या हुई उसका फाईल कहां गया। सहिजना में दो लोगों के बीच झगड़ा हुआ, करकोमा में झगड़ा हुआ इन सब पर विधायक का मुंह नहीं खुला। जनता को निकम्मे विधायक से पूछना चाहिये कि दो सालों में जनता के लिये क्या किया। कोई भी घटना घटित होती है तो विधायक पांच मिनट में बिल से निकल जाते हैं। मीडिया को जमा कर के धार्मिक उन्माद फैलाने में लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि वो कभी भी किसी का जाति, धर्म पूछ कर जनता की समस्याओं का निदान नहीं करते हैं। आज भी जनता की जितनी समस्या उनके पास आती है और वे निदान करते हैं उसका पांच प्रतिशत भी विधायक के पास नहीं जाता है। जनता अच्छी तरह जानती है कि विधायक अपने स्वार्थ के लिये अपनी झोली भरने के लिये गिद्ध की तरह काम करते हैं। दो व्यक्तियों की लड़ाई में भी हिंदू मुस्लिम कर राजनीतिक रोटी सेकते हैं। ऐसे विधायक पर शर्मिंदगी महसूस होती है। श्री ठाकुर ने कहा कि चुनाव में जमीन माफियाओं ने सत्येंद्रनाथ तिवारी को मोटा चंदा दिया है। अब वे वसूली में लगे हैं। विधायक को डर बना हुआ है कि वे लोग इसकी पोल न खोल दें। उन्होंने एसपी से कहा है कि वे जड़ तक जाएं और जमीन माफियाओं को समाप्त करें। गढ़वा को जमीन माफियाओं के चंगुल से मुक्त करायें। राज्य के पुलिस मुखिया से जमीन माफियाओं की सूची मांगी गई है। जिला से जिन माफियाओं की सूची भेजी गई है उनमें कोई भी बड़ा माफिया का नाम नहीं है। इस बारे में उन्होंने आईजी, डीआईजी से भी कहा है कि असली नकाबपोश माफियाओं का चेहरा उजागर कर जिलाबदर किया जाय। श्री ठाकुर ने कहा कि लखना में मूर्ति विसर्जन रोकने की घटना की सच्चाई बहुत जल्द सामने आने वाली है। आज विधायक के लोग ही कहते हैं कि उन्होंने दो मुस्लिम लोगों को एक-एक लाख रुपये देकर मूर्ति रोकने को कहा था। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला सचिव शरीफ अंसारी, धीरज दुबे, सनी चंद्रवंशी, चंदन जायसवाल, छोटू सिंह खरवार, तनवीर आलम, प्रियम सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## भाजपा की बैठक, संगठन सशक्तिकरण व मतदाता सूची पुनरीक्षण पर मंथन



**विश्रामपुर :** भाजपा के सभी मंडल अध्यक्षों एवं बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन सशक्तिकरण और मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राष्ट्रगीत के साथ हुआ। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने की। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने और मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में प्रत्येक बूथ पर पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने, आवश्यक संशोधन कराने तथा किसी भी योग्य मतदाता का नाम छूटने नहीं देने पर विशेष जोर दिया गया। मंडल अध्यक्षों और बीएलए-2 कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क अभियान चलाकर मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं पूर्ण बनाने की अपील की गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष बीपी शुक्ला, जिला मंत्री पवन गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य ललित बैठा, विश्रामपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास चौबे, नगर मंडल अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद गुप्ता सहित अन्य सभी मंडलों के अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दो मामलों में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**विश्रामपुर :** पुलिस ने कांड संख्या 40/23 के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के मुरूमदाग निवासी कमलेश कुमार यादव (32), पिता नारद यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी विश्रामपुर थाना में दर्ज रंगदारी एवं धमकी से संबंधित मामले में वांछित था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अभिलेख के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध रंका थाना कांड संख्या 84/23 में लूट (धारा 392 भादवि) तथा रंका थाना कांड संख्या 101/25 में रंगदारी, धमकी, लूट एवं आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## पुश्तैनी जमीन पर धान का बिचड़ा डालने पहुंचे परिवार पर हमला, छह घायल



**मेराल :** थाना क्षेत्र के सोहबरिया गांव में रविवार को पुश्तैनी जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक महिला सहित छह लोग घायल हो गये। सभी घायलों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में चल रहा है। घायलों में राजेंद्र मिश्रा, चंद्रशेखर मिश्रा, अनीता देवी, संध्या देवी, ब्रजकिशोर मिश्रा तथा आर्यन कुमार मिश्रा शामिल हैं। घायल राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ पुश्तैनी जमीन पर धान का बिचड़ा डालने गये थे। इसी दौरान गांव के शंभूनाथ सिंह, अवधेश सिंह, विशुन देव सिंह, विनोद सिंह समेत अन्य लोग वहां पहुंचे और उक्त जमीन पर अपना दावा करते हुये गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे महिला समेत छह लोग घायल हो गये। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन सभी घायलों को इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल ले गये, जहां उनका उपचार जारी है। पीड़ित पक्ष ने मेराल थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गढ़वा जिला स्तरीय अंडर-15 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ, खेला गया उद्घाटन मैच

# अभय की हैट्रिक से श्री बंशीधर नगर ने खरौंधी को 3-0 से हराया

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** फुटबॉल स्टेडियम में रविवार से जिला स्तरीय अंडर-15 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में श्री बंशीधर नगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये खरौंधी प्रखंड को 3-0 से पराजित कर विजयी शुरूआत की। श्री बंशीधर नगर की जीत के नायक अभय कुमार चौधरी रहे, जिन्होंने हैट्रिक लगाते हुये अपनी टीम के लिये तीनों गोल दागे। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा एवं आयोजन सचिव सह एपीओ कुलदीपक अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल को किक मारकर किया। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रेरित किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिये इस तरह की प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं और ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है। इस वर्ष की प्रतियोगिता में जिले के कुल 19 प्रखंडों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन 14 जुलाई से आयोजित होने वाली प्रमंडल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया जायेगा, जहां वे गढ़वा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उद्घाटन मुकाबले में श्री बंशीधर नगर की टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। अभय कुमार चौधरी ने लगातार तीन गोल कर अपनी टीम को एकतरफा बढ़त दिलाई। खरौंधी की टीम ने वापसी की कोशिश की, लेकिन श्री बंशीधर नगर की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसे सफलता नहीं मिली। मैच का संचालन रेफरी आकाश दीप, नीलकंठ सिंह एवं कंचन कुमार ने किया। मौके पर खेल कोषांग के सुशील तिवारी, आलोक श्रीवास्तव, अजयकांत, चित्बीश्रम उच्च विद्यालय के प्राचार्य द्वारिका पांडेय, अतुल मिश्रा, जगरनाथ राम, छुनु दुबे, शारीरिक शिक्षक किशोर कुणाल, संजय लाल मौर्य, विजय कुमार सिंह, विजयानंद तिवारी, शमशाद अहमद, रोशनदीप टोप्पो, लक्ष्मण राम, कलंदर पटेल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)